हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

since 1993

# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers
with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

**ADMISSIONS OPEN** For Session 2024-25

# CAREER POINT

**BHILAI CENTRE**

For Details Call: 90399-57770, 90399-57771 | Mail: bhilai@cpuniverse.in

Add: 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota | 080-40246443 | www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# प्लेन क्रैश में अभिनेता ओलिवर की दो बेटियों सहित मौत

**लॉस एंजेलिस।** अभिनेता क्रिश्चियन ओलिवर और उनकी दो बेटियों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उनका विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कैरेबियन सागर में गिर गया। ओलिवर, जॉर्ज क्लूनी के साथ ₹द गुड जर्मन₹ और 2008 की एक्शन-कॉमेडी ₹स्पीड रेसर₹ में बड़े पर्दे पर दिखाई दे चुके थे।



उनकी मौत की पुष्टि रॉयल सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस पुलिस फोर्स ने कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना के बाद मछुआरे, गोताखोर और तटरक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से चार शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान 51 वर्षीय ओलिवर, उनकी दो बेटियां मदिता (10 वर्ष), एनिक (12 वर्ष) और पायलट रॉबर्ट सैक्स के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विमान गुरुवार दोपहर के तुरंत बाद ग्रेनाडाइन्स के एक छोटे से द्वीप बेक्विया से सेंट लूसिया की ओर जा रहा था। माना जा रहा है कि अभिनेता परिवार के साथ छुट्टियों पर थे। कुछ दिन पहले ओलिवर ने इंस्टाग्राम पर एक उष्णकटिबंधीय समुद्र तट की तस्वीर पोस्ट की थी और कैप्शन में लोगों को नए साल की बधाई दी थी। उन्होंने लिखा था, ₹स्वर्ग में कहीं से शुभकामनाएं... कम्यूनिटी और प्यार के लिए...2024 हम यहां आए हैं।ओलिवर के करियर की बात करें तो वे 60 से अधिक फिल्म और टीवी शोज का हिस्सा रह चुके थे।

जिसमें टॉम क्रूज की फिल्म ₹वाल्किरी₹ में एक छोटी भूमिका भी शामिल थी।

## टॉलीवुड

# नागा चैतन्य की 'थंडेल' के टीजर में गूंजा भारत माता की जय

**चेन्नई।** नागा चैतन्य बीते लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'थंडेल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अब इसके निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। कुछ ही समय पहले फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ, जिस पर लोगों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया। वहीं, अब इसका टीजर भी जारी कर दिया गया है। टीजर में अभिनेता को एक मछुआरे के रूप में पेश किया गया है। यह लुक फैंस को उत्साहित कर रहा है। साथ ही नागा चैतन्य ने श्रीकाकुलम स्लैंग का भी सही इस्तेमाल किया है। टीजर को देखकर साफ हो रहा है कि नागा चैतन्य भारत के जलक्षेत्र को पार करके पाकिस्तान में पहुंच जाते हैं, जिसके लिए उन्हें पाकिस्तान सरकार द्वारा हिरासत में ले लिया जाता है। नागा चैतन्य अंततः कराची जेल में हैं, लेकिन इससे उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ता है। जब पाकिस्तानी अधिकारी भारत के बारे में गलत बातें करते हैं तो नागा चैतन्य कहते हैं कि पाकिस्तान तो भारत से अलग हुआ एक छोटा सा टुकड़ा है। इस झलक में नागा चैतन्य का भारत माता की जय कहना पूरी तरह से रोंगटे खड़े कर देने क्षण है। साई पल्लवी को अंत में दिखाया गया है, जो नागा चैतन्य की वापसी का बेसब्री से इंतजार करती हैं। निर्माताओं ने जबरदस्त दृश्यों, शानदार बैकग्राउंड और ठोस डायलॉग के साथ फिल्म के विषय को मनोरम तरीके से प्रस्तुत किया। झलक से ऐसा प्रतीत होता है कि चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी यह फिल्म चैतन्य के करियर की एक ऐतिहासिक फिल्म होने वाली है। फिल्म का निर्माण बनी वास द्वारा किया जा रहा है।



'थंडेल' चैतन्य और साई पल्लवी के बीच उनकी 2021 की सफल रिलीज 'लव स्टोरी' के बाद दूसरे सहयोग का प्रतीक है।

## भोजपुरी

# जय संतोषी मां अब भोजपुरी में भी रिलीज को तैयार

**पटना।** हिंदी में साल 1975 में जय संतोषी मां रिलीज हुई थी और इसे काफी पसंद किया गया था. अब भोजपुरी में भी फिल्म का निर्माण हो रहा है।जी हां, रेणु विजय फिल्म एंटरटेनमेंट और प्राइड ऑफ एशिया फिल्म्स के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'जय संतोषी मां' की शूटिंग संपन्न हो गयी, जिसमें भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी, जय यादव, मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्ज्वल,धर्मेंद्र के मेहरा और निर्देशक रवि सिन्हा हैं। रानी चटर्जी पहली बार निर्माता निशांत उज्ज्वल की फिल्म में नजर आने वाली है।इस फिल्म की शूटिंग पूरी भव्यता के साथ की गयी है। फ़ल्मि में संतोषी मा का किरदार कौन निभा रही है इस पर संस्पेंस है। निशांत उज्ज्वल ने बताया कि फिल्म 'जय संतोषी मां' एक पारिवारिक और धार्मिक कहानी से प्रेरित फिल्म है, जिसका निर्माण हम लोग वर्तमान समय के हिसाब से किया हैं। इस फिल्म में रानी चटर्जी की भूमिका बेहद अहम है वहीं जय यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। निशांत ने आगे बताया कि हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म बनाएं जो मनोरंजन के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक समृद्ध विरासत से दर्शकों रूबरू हो सके। यह फिल्म एक घटना पर आधारित है जिसमें मां संतोषी की परंपरा महिमा को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी फिल्म की कहानी रिवील नहीं कर सकते लेकिन इतना तय है कि हम इस फिल्म के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। वही फिल्म की अभिनेत्री रानी चटर्जी ने कहा कि फिल्म 'जय संतोषी मां' को लेकर वह एक्साइटेड हैं। फिल्म में उनका महत्वपूर्ण किरदार है, जिसकी तैयारी उन्होंने खूब की है। रानी चटर्जी ने बताया कि फिल्म के संवाद और गाने भी इतनी शानदार होंगे कि दर्शक इसे खुद को जोड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को एक अलग ही अप्रोच के साथ बनाया गया है। मुझे फिल्म में काम करके खूब मजा आया है और यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तब दर्शकों को भी इसे खूब मनोरंजन मिलेगा।




निर्देशक रवि सिन्हा इंडस्ट्री के मंजे हुए निर्देशकों में से हैं उनके साथ काम करने का अनुभव बेहद खास होने वाला है।

## डायर विंटर का जलवा

## लाइफ स्टाइल

“ डायर ऑटम-विंटर 2023-2024 की फैशन के दीवानों के लिए खास अहमियत है। मारिया ग्राज़िया चिउरी के लिए इस फैशन शो में प्रत्येक कलेक्शन शरीर और फैशन के संबंध में कपड़ों का महत्व प्रतिबिंबित करने का अवसर है। न्यूयार्क में हर साल दो बार होने वाले इस फैशन शो की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी। तब से हर साल दुनिया भर के फैशन डिजाइनर और मॉडल यहां पहुंचते रहे हैं।



# हेयर वॉश करते हुए करें मेकअप रिमूवर के इस्तेमाल से मिलेगा लाभ

हेयर वॉश करते हुए शैम्पू का इस्तेमाल तो हम सभी करते हैं। लेकिन इस दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करने से आपको कुछ बेमिसाल फायदे मिल सकते हैं। जब भी हेयर केयर रूटीन की बात होती है तो सबसे पहले हेयर वॉश का नाम लिया जाता है। बालों की क्लीनिंग करना उसकी केयर करने का सबसे पहला स्टेप है। अमूमन बालों को क्लीन करने के लिए हम सभी अपने हेयर टाइप के अनुसार शैम्पू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी बालों की क्लीनिंग के लिए मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया है।



सबसे पहले अपने बालों को अच्छी तरह गीला कर लें अब अपनी हथेलियों पर मेकअप रिमूवर लें ताकि आप हेयर वॉश कर सकें। अब अपने बालों व स्कैल्प पर इसे लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब अपने बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें। अब आप अपने बालों को रेग्युलर शैम्पू और कंडीशनर की मदद से क्लीन करें। अगर हेयर वॉश के दौरान मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। - समय के साथ बालों पर हेयरस्प्रे, जेल या मूस जैसे स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जमा हो जाते हैं।

# इस तेल के इस्तेमाल से कमर तक लंबे हो सकते हैं बाल, जानें कैसे?

बालों को लम्बा करने के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं ऐसा तेल जो आपके बालों को कमर तक लम्बा करने में सहायता करेगा। साथ ही बताएंगे इसके फायदे। एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि बालों को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बालों को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो बालों को हर तरह के इन्फेक्शन से बचाता है। सरसों का तेल बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर का काम करता है। बालों को नौरिश करने से लेकर फ्रीजीनेस को कम करने में सहायता करता है। सबसे पहले एक बाउल में बालों की लेंथ के अनुसार सरसों के तेल की निकाल लें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर मिला लें।



# सर्दियों में शादी अटेंड करने अपनाएं खास ड्रेस




शादियों का सीजन सर्दी के मौसम में ही शुरू होता है। लड़के तो ठंड के मौसम में आराम से अपना कोट पैंट पहनकर सर्दी से बचाव कर लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है महिलाओं के सामने। दरअसल, शादी में ठंड चाहे जितनी भी हो, लेकिन उसमें भी महिलाएं स्वेटर पहनना या शॉल ओढ़ना पसंद नहीं करतीं। ऐसे में कई बार सर्द हवाओं से तबियत तक खराब होने की संभावना बनने लगती है। इसी के चलते इस मौसम में फैशन दिखाने के साथ-साथ ठंड के बचना भी बेहद जरूरी होता है।

### लहंगा या साड़ी के साथ पहनें फुल स्लीव

अगर आप शादी के दिन लहंगा या साड़ी पहन रहीं हैं तो उसके साथ फुल स्लीव ब्लाउज कैरी करें। फुल स्लीव ब्लाउज आपको सर्दी से बचाने में मदद करेगा। हालांकि इससे ज्यादा ठंड नहीं बचेगी, लेकिन थोड़ी राहत मिल सकती है।

### लहंगा-साड़ी के अंदर पहनें थर्मल

आप चाहें तो लहंगा या फिर साड़ी के साथ अंदर थर्मल पहन सकती हैं। ये आपको पूरी तरह ठंड से बचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इसे पहनने से आपका स्टाइलिश भी खराब नहीं होगा।

### एथनिक के साथ पहनें जैकेट

आजकल के समय में एथनिक वियर के साथ जैकेट्स पहनने का काफी ट्रेंड है। अगर आपको ज्यादा ठंड लगती है तो लहंगा या साड़ी के साथ आप जैकेट पहन सकती हैं। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा।

### ऐसे फुटवियर को चुनें

अगर आप अपने पैरों को कवर करके रखेंगी तो ठंड से बचाव हो सकता है। ऐसे में एथनिक वियर के साथ मोजरी जैसे फुटवियर का चुनाव करें, जोकि आगे से बंद हों। इसके साथ से लिए आपको मोजे भी मिल जाएंगे।

# पार्टी में ब्लैक की ख्वाहिश हो तो अपनाइए यह कलेक्शन

अगर आपको कहीं पार्टी में जाना है तो इसके लिए आप प्लाजो पैंट विद जैकेट को स्टाइल कर सकती हैं। माधुरी दीक्षित ने कुछ इसी तरीके का ट्राई किया है। इसमें फ्लोरल प्रिंट किया जता है, साथ ही इस कपड़े को शिमर चूज किया गया है ताकि जब कोई भी इसे पार्टी के लिए वियर करे तो वो सुंदर नजर आए। उनके इस लुक को तरंग अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया है। आप भी इसी तरीके के आउटफिट्स को ट्राई कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर आपको ये 2000 से 2500 में मिलेगी।

नाइट पार्टी के लिए सोनाक्षी सिन्हा का ये लुक काफी अच्छा है। इसमें उन्होंने बॉडीकॉन शॉट ड्रेस को स्टाइल (इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स) किया है। जिसमें मिरर वर्क जैसा पैटर्न डिजाइन किया गया है। इस ड्रेस में काफी स्टाइलिश और सुंदर नजर आ रही हैं। इसे आप ट्राई कर सकती हैं। उनके इस लुक को Tarang Agarwal द्वारा तैयार किया है। लेकिन आप मार्केट से जाकर इस तरह की ड्रेस की शॉपिंग कर सकती हैं। जिसे आप 1000 से 2000 में अच्छे डिजाइन के साथ खरीद सकती हैं।



### ब्लैक मैक्सी ड्रेस

कहीं घूमने जाने का प्लान है तो आप इस ब्लैक मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। ये बेस्ट और सबसे अच्छा (इयररिंग्स डिजाइंस) ऑप्शन है। इसमें आपको पूरे में छोटे-छोटे प्रिंट मिलेंगे। साथ में ऊपर नेक पर अच्छा काम मिलेगा। इसे आप स्टाइल कर सकती हैं ये काफी सुंदर लगती है और कम्फर्टेबल भी होती है आप इसके साथ चाहे तो स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस बार ब्लैक ड्रेस के इन ऑप्शन को ट्राई करें आप काफी सुंदर और सबसे अलग नजर आएंगी।

# क्रॉप्ड पैंट पहनने का क्या है सही स्टाइल जानिए जरूरी टिप्स, पाइए परफेक्ट लुक

फैशन पर सिर्फ महिलाओं की समझ और पसंद को जरूरी नहीं माना जा सकता है। पुरुषों के स्टाइल का भी अपना अलग एक पैमाना है।

इस पैमाने पर खरा उतरने के लिए पुरुषों को भी कई सारे नियम-कायदे ध्यान रखने होते हैं। ताकि वो परफेक्ट दिखें और फैशन की दुनिया में पीछे न रह जाएं।

इसलिए फैशन को अपनाइए और क्रॉप्ड पैंट पहनने का सही तरीका जानिए। वही क्रॉप्ड पैंटन जो नीचे से थोड़ी ऊंची और पसंद के मुताबिक थोड़ी टाइट भी होती है।

इस पैंट को यूंहीं खरीद कर पहन लेने की सोचिएगा भी नहीं क्योंकि इसको पहनने का एक खास तरीका होता है। सबसे पहले तो इसी सवाल का जवाब जानिए कि पैंट ऊंची हो तो कितनी? इसका जवाब है ये पेंट



जूतों से 3 इंच ऊपर होनी चाहिए और मिड काल्फ से नीचे भी। अब सवाल ये है कि इन पैंट की फिट को कितना स्लिम या वाइड होना चाहिए?

इसके लिए आपको अच्छे फिट वाली स्किनी या स्लिम कट जींस पहननी चाहिए। लेकिन मूवमेंट के लिए इसमें जगह होनी चाहिए। अब इस पैंट को स्टाइल करने की बात करते हैं तो आपको इनमें नेवी, ब्लैक और सफेद रंगों का चुनाव करना चाहिए। इसके अलवा अगर आप कोई और रंग चुनते हैं तो रॉयल ब्लू, बरगंडी वगैरह चुने जा सकते हैं।

इन पैंट के साथ जूते चुनते हुए भी सावधानी बरतें। इनके साथ ऐसे जूते पहनें, जिनमें मोजे पहने बिना काम चल जाए। या फिर आप बिना मोजों के ही जूते पहनें। इसके साथ आप स्लिप स्टाइल के जूते पहन लें, वो आपके लुक को बेस्ट बना देंगे। लेस अप केनवास शू का चुनाव भी अच्छे रहेगा। क्रॉप्ड पैंट को ब्लेजर के साथ पहनना भी स्टाइल से जुड़ा जरूरी और बेहतरीन निर्णय हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## सर्द मौसम में फैशन के लिए परफेक्ट च्वाइस जरूरी

*सर्दी का मौसम स्टाइलिश बनाने का काम भी करता है, यदि आप फैशन के मामले में खुद को आगे रखना पसंद करते हैं। इस दौरान एक नहीं कई प्रकार के विंटर आउटफिट्स को पहन सकते हैं। जबकि हम गर्मी के मौसम में चाहकर भी एक से अधिक कपड़े नहीं पहन पाते। लेकिन सर्दी में ये समस्या नहीं है। इसके बावजूद भी कई लोगों का विंटर फैशन अधूरा रह जाता है। हालांकि वे इस बात को जान पाते हैं या नहीं, यह बता पाना मुश्किल है। लेकिन यदि आप अनजाने में विंटर फैशनको अधूरा छोड़ रहे हैं तो यहां पर कुछ बातों को जान लें। इनके जरिए अपने विंटर वार्डरोब को रिफ्रेश कर सकते हैं।*

# अधूरे विंटर फैशन को कहें बाय-बाय, स्वेटर- जैकेट के अलावा इन चीजों को पहनकर पाएं कंप्लीट लुक



### हूडेड श्रग किसके साथ पहनें

हूडेड श्रग के साथ लेयरिंग करना मुश्किल काम नहीं है। किसी प्लेन टी-शर्ट के साथ ऐसे श्रग को पहन सकते हैं। इस तरह के श्रग के साथ कभी वी या राउंड नेक टी-शर्ट पहन सकते हैं। इसके अलावा सॉलिड कलर स्वेटर भी पहन सकते हैं। इसको स्वेटशर्ट, हाईनेक स्वेटर इत्यादि के साथ न पहनें। इसके साथ अपना पसंदीदा स्नीकर पहन सकते हैं।

**ट्रेंच कोट :** सर्दी के मौसम में हॉट दिखने के लिए कुछ इस तरह की ड्रेस को ट्राय करें। ट्रेंच कोट विंटर लुक को किलर बनाने का काम करता है। यकीनन इस तरह की ड्रेस के आगे बाकी सब फीके पड़ जाएंगे।

अगर आप केवल सिंपल कोट, जैकेट, ब्लेजर आदि पहनते हैं तो फिर एक बार ट्रेंच कोट को विंटर वार्डरोब में शामिल करें। इस तरह के कम से कम एक कोट को अपने लिए जरूर रखें।

**ट्रेंच कोट कैसे पहनें? :** इसको चेक्ड शर्ट और ब्लैक शर्ट के साथ पहन सकते हैं। इसके अलावा आप इसे सॉलिड कलर की स्वेटशर्ट, जंपर्स और टी-शर्ट के साथ लेयरिंग कर सकते हैं।

**कार्डिगन :** कार्डिगन का नाम आने पर आपके दिमाग में क्या लेडिज वियर की बात आई। अगर हां तो हम आपको बता दें कि विंटर में आपके लिए भी कार्डिगन पहनना काफी दिलचस्प हो सकता है। इसे भले ही रेगुलर नहीं पहन सकते हैं लेकिन विंटर पार्टी वियर्स के लिए पहनें। शॉल कॉलर कार्डिगन क्लासी लुक के लिए सही होते हैं। इसके साथ लेयरिंग करना सही हो सकता है।

**कैसे पहनें कार्डिगन :** कार्डिगन को ट्राउजर्स और जींस के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ जंपर्स या टी-शर्ट पहनना सही हो सकता है। इससे आपका विंटर लुक परफेक्ट दिखेगा। इसे किसी भी हाइट के लड़के पहन सकते हैं। इसके साथ स्नीकर्स को पहनना सही होगा। विंटर सीजन में कई प्रकार के कैप होते हैं। मगर अधिकतर लोग एक ही टाइप के विंटर कैप में दिखाई देते हैं।



हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## खबर संक्षेप

### कारीगरों को लाभ देने हेतु विश्वकर्मा योजना

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। जिसके अंतर्गत कारपेंट, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तीकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी और मछली का जाल बनाने वाले सहित कुल 18 शिल्पकार और कारीगरों शामिल किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना अंतर्गत बुनियादी एवं उन्नत प्रशिक्षण राशि 500 प्रतिदिन प्रशिक्षण मानदेय, टूल किट खरीदने हेतु 15 हजार प्रोत्साहन राशि, रियायती दर 5 प्रतिशत पर ऋण प्रथम बार लेने पर राशि 1 लाख एवं दूसरे चरण में राशि 2 लाख ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए कारीगर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में स्थित लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में जाकर आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, बैंक पासबुक एवं राशन कार्ड के साथ पंजीयन करा सकते हैं।

### अग्निवीर में आवेदन करने बनाना होगा आईडी

**जशपुरनगर।** भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती की अधिसूचना फरवरी 2024 के बीच जारी होने कीउम्मीद है। भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देशसेवा का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अपना यूजर आईडी प्रोफाइल और पासवर्ड भारतीय सेना की साइट पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाइन पंजीयन के समय ज्यादा समय ना लगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के जिला रोजगार अधिकारी सुश्री दुर्गेश्वरी सिंह के अनुसार किसी भी स्पष्टीकरण और सहायता के मामले में उम्मीदवार शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965213 पर संपर्क कर सकते हैं।

### एनएच 43 में तेजी से हो रहा सड़क निर्माण कार्य



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव शहरी भाग में फोर लेन भाग में निर्माण कार्य प्रगतिरत है। कृषि मंडी से कदमघाट में अर्थवर्क कार्य प्रगति में है। पूरण तालाब से ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय तक पीक्यूसी के कार्य प्रगति में है। झंडा घाट एव बेलाघाट भाग में चौड़ीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। ईब नदी, घुघरी नाला में हाई तकनीक से प्री स्ट्रेस गर्डर बनाए जा रहे है।मैनी नदी में गर्डर निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके हैं। दोनों ओर एबटमेंट के कार्य पूर्ण हो चुके है। पियर निर्माण कार्य प्रगति पर है। अंतिम चरण पश्चात गर्डर लॉन्च किए जाएंगे। बंदरचूआ में पीक्यूसी कार्य निरंतर जारी है। कुल सीसी रोड 62.475 किलोमीटर में से 32.096 किलोमीटर कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न

# सेंट जेवियर्स स्कूल बन्दीयाखार का एनुअल सेलिब्रेशन धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव





सेंट जेवियर्स इंग्लिस मीडियम स्कूल बन्दीयाखार के सालाना एनुअल सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सुबह 9 बजे कार्यक्रम शुरू किया गया ।

सेंट जेवियर्स स्कूल के मेन गेट से मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल, मण्डल महामंत्री ,अंकित बंशल, सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर जेम्स मिंज, बीईओ धनीराम भगत, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल, फादर सुनील खलखो, वाइस प्रिंसिपल सिलास टोप्पो, मैनेजर फेबिनयुस खलखो, फादर रॉबर्ट तिग्गा, नरेश यादव, अमर महतो, को स्कूल के स्कूली बच्चों के बेंड से स्वागत गीत को बजाते हुए स्कूल के कार्यक्रम स्थल तक लेजाया गया। जहां सबसे पहले आए अतिथियों को ससम्मान बिठा कर उन सभी का प्रिंसिपल सुनील खलखो ने पुष्पगुच्छ एवं शाल ओढ़ा कर सम्मान किया।

ततपश्चात कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सुनील खलखो, रॉबर्ट तिग्गा, जे मिंज ने स्टेज के पास दीप प्रज्वलित कर एनुवल सेलिब्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत की स्कूल के एल केजी से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने डांस और नाटक के जरिए कार्यक्रम पेश किए। जिसे देख कर कार्यक्रम स्थल में सभी ने खूब तालियां बजाकर नृत्य और नाटकों में भाग लिए छात्रों का तारीफ किया। आपको बता दे छोटे छोटे बच्चों ने भी कार्यक्रम में बहुत अच्छे ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। पारम्परिक वेश भूषा का बेहतरीन मिश्रण से सभी क्लास के छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छा उद्बोधन अतिथियों के लिए दिया। जिसका सभी ने ताली बजाते हुए स्वागत किया। कुल 18 प्रस्तुति के जरिये छतीसगढी, पंजाबी, साउथ से लेकर लोक कलाओं के माध्यम से अपनी अपनी प्रस्तुति बारी बारी से दिए मोबाइल सोशल मीडिया, और देशप्रेम की ⏭शेष पेज 4 पर



विजेता टीम को पुरस्कार देती विधायक रायमुनी भगत।

## क्रिकेट के फाइनल मैच की मुख्य अतिथि बनी विधायक रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

दरबारी टोली जशपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच जो की रायकेरा और भागलपुर की बीच खेला गया। जिसकी मुख्य अतिथि जशपुर विधायक रायमुनी भगत, विशिष्ट अतिथि शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, विजय आदित्य सिंह जुदेव के साथ सुरेश राम भगत, रजनी प्रधान, नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, प्रतिमा, मुन्नी गुप्ता, आकाश गुप्ता, राहुल गुप्ता, निखिल के साथ बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता सामिल हुए।

### स्वस्थ खेल भावना ही खेल का आधार

विधायक रायमुनी भगत ने विजेता, उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि स्वस्थ खेल भावना ही बेहतर खेल का आधार होता है। इसलिए खेल में स्वस्थ खेलभावना का होना बहुत जरूरी है।

## शासकीय वाहन का बिना नंबर प्लेट बदले हो रहा निजी उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पिछले चार वर्षों से नीलामी में खरीदी गई शासकीय वाहन का बिना नंबर प्लेट बदले बेखौफ तरीके से निजी उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2019 में जशपुर जिले में शासकीय वाहनों की नीलामी की गई थी। उस नीलामी में एक टाटा सूमो विक्टा सीजी 02 5315 को जशपुर के ही एक सरकारी कर्मचारी ने खरीदा था। उसके कब्जे में गाड़ी आने के बाद से ही शासकीय नंबर बदले बगैर पिछले चार वर्षों से अनाधिकृत रूप से निजी उपयोग में लाया जा रहा है। जिसकी शिकायत वेद प्रकाश तिवारी द्वारा लिखित रूप से जिला कलेक्टर एवम जिला परिवहन अधिकारी से की गई है। यह बताना लाजमी होगा की नीलामी में खरीदी गई शासकीय वाहन का उपयोग बिना निजी पंजीयन नंबर के किया जाना अपराध होता है। इस बात की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता की शासकीय वाहन का उपयोग अपराधिक गतिविधियों में किया जा सकता है।

नीलामी में खरीदी गई शासकीय वाहन का उपयोग बिना नंबर प्लेट बदले, किया जाना अपराधिक मंशा को ओर इंगित करता है। पूर्व में महासमुंद जिले में शासकीय वाहन को नीलामी में खरीद कर बिना नंबर प्लेट बदले गंजा तस्करी में उपगोग किया गया है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति समाज के लिए नुकसानदेह है। इसलिए प्रशासन को तत्काल संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।




### क्या कहता है परिवहन नियमावली

ऐसे किसी भी शासकीय वाहन जिसको नीलामी में खरीद गया है केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1989 के नियम 57 के तहत वहन कब्जा लेने के 30 दिन के अंदर परिवहन अधिकारी को फॉर्म 32 में व्यक्तिगत पंजीयन नंबर हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जो की नहीं किया गया है। अनाधिकृत रूप से लगातार चार वर्षों तक निजी उपयोग में लाया गया है। जो अपराध की श्रेणी में आता है।

### ग्राम पंचायत सोनक्यारी में 300 पहाड़ी कोरवा बच्चों को वितरित किए गए जाति प्रमाण पत्र

## पीएम जनमन योजना अंतर्गत पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत शिविर आयोजन का सिलसिला लगातार जारी हैं। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित कर इन समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा तहसील के ग्राम पंचायत सोनक्यारी में आयोजित शिविर में 300 पहाड़ी कोरवा बच्चों को मनोरा तहसीलदार राहुल कौशिक द्वारा जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

शिविर में आयुष्मान, आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र भी बनाया गया। इसके आलावा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सिकलसेल, एनसीडी जांच की भी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसी तरह ग्राम पंचायत महुआ, ग्राम लमदरहा सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में भी सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच पहुंच कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उनसे जानकारी ले रहे। साथ ही उन्हें जनमन योजना की जानकारी दी जा रही हैं। शिविर में अधिकारी द्वारा आमजनों को केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया गया। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। पीएम जनमन योजना के तहत जनजातीय मंत्रालय समेत नौ मंत्रालयों की योजनाएं शामिल है, जिनमें पक्के आवासों का निर्माण, सड़कों का प्रबंध, नल से जल और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी जरूरी सुविधाएं शामिल हैं। आयुष मंत्रालय इस योजना के तहत मौजूदा मानकों के आधार पर आय़ुष वेलनेस सेंटर स्थापित किया गया हैं, जिनके जरिये मोबाइल मेडिकल यूनिटों की मदद से पीवीटीजी ठिकानों पर आय़ुष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय पीवीटीजी रिहाइशी इलाकों में कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के केंद्र शुरू करेगा ताकि आदिवासी लोगों के लिए रोजगार के साधन बढ़ें इसके लिए सर्वे कार्य तेजी से किया जा रहा है।



जाति प्रमाण पत्र वितरण करते हुए।

## पत्थलगांव स्टेट बैंक के पास का एटीएम बंद लोग होते हैं परेशान




**पत्थलगांव ।** स्टेट बैंक के पास में बने एटीएम के बंद होने से लोग परेशान होते है। अक्सर स्टेट बैंक के एटीएम को बंद देखा जाता है। जबकि एटीएम को 24 घण्टे सातों दिन खुला रखा जाता है। इसी एटीएम मशीन में ही कैश निकालने के साथ ही कैश जमा करने की सीडीएसल मशीन भी रखी गई है। जबकि इसका लाभ लोगो को नहीं मिल पा रहा है। इन एटीएम के ही लिए ही सभी ग्राहकों से एनुवल चार्ज भी कम्पनिया वसूलती है। और उन ग्राहकों को 24 घण्टे कैश निकालने एवं अंदर में लाइट ऐसी एवं साफ सफाई रखना जरूरी होता है जबकि ज्यादातर एटीएम में लगे ऐसी खराब ही रहते है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : शिविर के माध्यम से हजारों हितग्राही लाभान्वित

**जशपुरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंड में शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। गांव-कस्बों में आयोजित शिविरों में वैन के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा भी अपने अनुभव साझा किए जा रहे हैं। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत गम्हरिया में आयोजित शिविर में लाभान्वित शिवदास, मेहरा राम और श्रीमती मनपति बाई, श्रीमती मनकी बाई ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें आवास, उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार को धन्यवाद दिया। 16 दिसम्बर से शुरू हुई यह यात्रा जिले में अब तक 150 से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी हैं। जहां शिविर के माध्यम से हजारों हितग्राही को लाभान्वित किया गया हैं। जिसमें प्रमुख रुप से आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, चिरायु योजना,सुकन्या योजना सहित अन्य योजन शामिल हैं। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविरों की ऑन स्पॉट सेवाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी हर वर्ग के लोग मौके पर ही अपनी शुगर, बीपी स्तर और नियमित स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। साथ ही एनसीडी, टीबी की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। जनजातीय क्षेत्रों में इस यात्र के जरीये सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग किया जा रहा हैं। लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को तुरंत लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत यात्रा का आयोजन कर रही है।

■ पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, केसीसी सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का मिला लाभ



अक्षत कलश के साथ ग्रामीण।

## अक्षत कलश का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**कांसाबेल।** ग्राम टांगर गांव में श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा, अक्षत कलश का पुष्प, दीप, आरती, शंख, घंट बजाकर एवं भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया। श्रीराम मंदिर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अक्षत व निमंत्रण पत्र व श्रीराम मंदिर अयोध्या का चित्र दे कर निमंत्रण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कांसाबेल के प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार ने ग्राम टांगर गांव हाथगडा बरजोर फरसाजुडवाईन में जाकर ग्राम वासियों को अक्षत निमंत्रण पत्रक व श्रीराम मंदिर अयोध्या छाया चित्र भेंट कर 22 जनवरी को होने जा रही श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने का न्योता दिया गया। विवेक और सुभाष अग्रवाल ने कहा कि सभी अयोध्या तो नहीं जा सकते कम से कम अपने घरों में आम का तोरण राम का झंडा झालर एवं दीपक जलाकर भजन कीर्तन सुंदरकांड श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाएं। इस अवसर विश्व हिंदू परिषद के सुभाष अग्रवाल, राजेश , राजकुमार वर्मा ग्राम वासी मौजूद रहे।

### बोकी सरपंच कांति रानी के मुख्य आतिथ्य में हुआ संपन्न

## एनईएस कॉलेज के रासेयो इकाई का ग्राम बोकी में लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के अग्रणी शासकीय एनईएस कॉलेज का पुरुष एवं महिला इकाई का संयुक्त शिविर ग्राम बोगी में 3 से 9 जनवरी तक अयोजित किया गया है। शिविर का उद्घाटन 3 जनवरी, बुधवार को ग्राम पंचायत बोकी की सरपंच श्रीमती कांति रानी कुजूर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के आसंदी से सरपंच कांतिरानी कुजूर ने कहा कि युवा ही अपने परिश्रम, प्रतिभा, कौशल और चरित्र बल से ग्राम और देश की तस्वीर बदल सकते हैं। इस अवसर पर राजनीतिविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ एके श्रीवास्तव ने शिविरार्थियों से स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों से सदैव प्रेरणा लेते रहने को कहा। संस्था के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास और ग्राम में जनजागरूकता विस्तार में शिविर की अहम भूमिका बताई। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन एवं समय प्रबंधन के साथ शिविर के सभी गतिविधियों में सक्रिय रहने की बात कही। कॉलेज के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय तिवारी एवं प्रिंसी कुजूर ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष रासेयो विशेष शिविर का थीम ₹नशा मुक्त समाज के लिए युवा₹ रखा गया है अतः पूरे शिविर अवधि के दौरान ग्राम संपर्क एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राम में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।



शिविर में लोगों की जांच करते डाक्टर।

### सिकल सेल एनीमिया का परीक्षण

शिविर के तृतीय दिवस शुक्रवार को बौद्धिक कार्यक्रम के तहत आरा चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ.बबीता ने शिविरार्थियों को सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उनकी देखरेख में सभी स्वयंसेवकों का सिकल सेल एनीमिया जांच किया गया जिसमें सभी का जांच परिणाम नेगेटिव आया।

## मुख्यमंत्री की पत्नी को दिया निमंत्रण



**कांसाबेल।** जिला कांसाबेल के प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव के निवास बगिया जाकर उनकी पत्नी श्रीमती कौशल्या साय को अक्षत, निमंत्रण पत्रक व श्रीराम मंदिर अयोध्या की चित्र भेंट कर श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने का न्योता दिया। इस अवसर विश्व हिंदु परिषद के पदाधिकारी मनीष साय, पवन चौहान, सुभाष अग्रवाल, सूरज साय व बागिया ग्राम वासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले के आधा दर्जन डिप्टी कलेक्टरों के तबादले

**रायगढ़।** शुक्रवार को राज्य शासन की ओर से जारी डिप्टी कलेक्टरों के ट्रांसफर की जंबो सूची में जिले के भी तीन डिप्टी कलेक्टरों का भी नाम शामिल है। जारी सूची के मुताबिक डिप्टी कलेक्टर धनीराम रात्रे को रायगढ़ से बेमेतरा, धनराज मरकाम को बेमेतरा से रायगढ़, महेश शर्मा को बिलासपुर से रायगढ़, शिवकुमार कंवर को रायगढ से बिलासपु, रोहित कुमार सिंह को रायगढ से जशपुर व ओमप्रकाश वर्मा को बस्तर से सारंगढ़ ट्रांसफर किया गया है।

### पिकनिक स्थल पर शराबियों का उत्पात दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने जामगांव रेलवे स्टेशन के आगे पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मना रहे लोगों से जबरन शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर झगड़ा व मारपीट करने वाले दो आरोपी अभय यादव और राजकुमार यादव उर्फ बेड़ा को लूटपाट की गंभीर धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। कोलाईबहाल जामगांव निवासी संजय चौहान पिता पंचराम चौहान उम्र 29 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 3 जनवरी को उसका पूरा परिवार जामगांव रेलवे स्टेशन के आगे पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मनाने गए थे। दोपहर करीब 1.30 बजे जामगांव डीपापारा निवासी अभय यादव और राजकुमार उर्फ बेड़ा यादव शराब के नशे में वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। ऐसे में उन्हें समझाइश देते हुए दोनों को वहां से जाने के लिए कहा गया, किंतु वे दोनों ने उसके साथ मारपीट किए और उसके जेब से जबरन 500 रूपए निकाल लिए। पुलिस द्वारा घायल संजय चौहान का मुलाहिजा कराया गया। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए दोनों आरोपी अभय यादव पिता कार्तिक राम यादव उम्र 21 साल और राजकुमार यादव उर्फ बेड़ा पिता बिहारी यादव उम्र 37 साल निवासी कोलाईबहाल जामगांव डीपापारा को हिरासत में लिया गया।

### खनिज विभाग ने जब्त किया 2 हाइवा व 2 ट्रेक्टर

**सारंगढ़।** खनिज साधन के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा सरसीवा तथा भटगांव क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भटगांव क्षेत्र में अवैध परिवहन मे संलिप्त 1 हाइवा गिट्टी एवं सरसीवा क्षेत्र में अवैध परिवहन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर रेत तथा 1 हाइवा गिट्टी के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर स्थल पर ही इन 4 वाहनों को जप्त कर आगामी कार्रवाई तक थाना प्रभारी भटगांव और सरसीवा के सुपुर्दगी में दिया। 1 हाइवा मौके पर ब्रेकडाउन होने के कारण वाहन चालक के सुपुर्द में दिया गया।

पेज 3 का शेष

### सेंट जेवियर्स स्कूल ...

अनोखी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन में आये अतिथियों एवं अभिभावकों ने सेंट जेवियर्स स्कूल के एनुवल सेलिब्रेशन कार्यक्रम की जमकर तारीफ की। पूरे वर्ष में अलग अलग क्षेत्र में पढ़ाई से लेकर डिसिप्लिन, एवं अन्य कार्यों को सबसे अच्छा करने वालों छात्रों को स्कूल प्रबंधन ने प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेंट जेवियर्स स्कूल में अतिथि के तौर पर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस स्कूल मैं भी छात्र रहा हुं। पहले यहां बहुत कम छात्र हुवा करते थे पर आज अपनी काबिलियत के दम पर पत्थलगांव में सबसे बड़े स्कूल तक का सफर तय किया है। जहाँ आज हजार से ज़्यादा की संख्या में छात्र पढ़ रहे है। शिक्षा सभी के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये वे बच्चे अपने हुनर को आगे लाते है। सेंट जेवियर्स स्कूल परिवार ने बहुत अच्छा और बहुत बड़ा कार्यक्रम किया है। आप सभी को एवं यहां के सभी छात्रों को बहुत बहुत शुभकामनाएं । सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल फादर सुनील खलखो ने कहा कि हमने इस एनुवल सेलिब्रेशन कार्यक्रम के लिए बीते तीन हफ़्तों से तैयारी में जुटे थे तब जाकर ये कार्यक्रम सफल हो पाया है। आप सभी अतिथियों एवं स्कूली छात्रों के अभिभावकों का बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने स्कूल के कार्यक्रम को देखा और छात्रों का हौसला बढाया है।

## बिलाईगढ़ विधायक कविता ने किया टॉस

# रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

इस वर्ष गुरुवार को सरसींवा के मिनी स्टेडियम मे मां महामाया क्रिकेट क्लब के द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के द्वारा किया गया।

बिलाईगढ़ विधायक के द्वारा फीता काटकर एवं ट्रास उछलकर शुभारंभ किया तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद अयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए अपने सम्बोधन में आगे कहा कि चाहे कोई भी खेल हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार एवं जीत दोनों होगा। एक टीम हारेगी तो दूसरी जीतेगी। हार जीवन की एक सिख है जोकि हमे पुनः कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करता है। कोई भी टीम व खिलाड़ियों को हारने पर मायुश नही होना चाहिए। वही इस टूर्नामेंट का पहला मैच भटगांव वर्सेस मुड़पार के बीच हुआ जिसमे भटगांव ने जीत हासिल किया। वही इस टूर्नामेंट में अध्यक्षता कर रहे नीतीश बंजारे ने कहा कि खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है एवं खेल को खेल भावना से ही खेली जानी चाहिए। वहीं महामाया क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि हमारे द्वारा यह छटवा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं आप सभी के सहयोग से हर वर्ष टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।



### विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा का शुभारंभ

तीन दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज विकासखण्ड पुसौर के ग्राम तुरंगा में हुआ। सर्वप्रथम खेल की शुरुआत स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि गुरूकुल तुरंगा मठ के आचार्य राकेश स्वामी के द्वारा खिलाडियों को शुभकामनाएं दी गई और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए हम हमेशा आप सभी के सेवा के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में इंसान के साथ तमाम कोशिशों के बाद भी हार जीत लगी रहती है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। इससे किसी और की जीत होने पर मन में बुरे भाव पैदा नहीं होते। रत्थू गुप्ता ने मंच के माध्यम से कहा कि आगामी समय में खेल के लिए इस गांव के मैदान में मंच बनवाया जाएगा। विधायक खरसिया उमेश पटेल ने कहा कि सभी बच्चे खेल भावना से खेल खेलें व आपसी सौहाद्र

### चनेशराम राठिया स्मृति क्रिकेट

खेल में हार जीत लगे रहती है खिलाड़ी निराश न हों बल्कि क्या कमी रह गई उसमें सुधार कर आगे जीत की ओर बढ़ें उक्त विचार तहसीलदार भोज कुमार डहरिया के हैं जो धरमजयगढ़ में के पी इलेवन द्वारा आयोजित बाबूजी स्व.चनेशराम राठिया स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ऋतुराज ठाकुर ने नगर वासियों और केपी इलेवन के खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन निरंतर आप सभी के सहयोग से हर वर्ष आयोजित हो रही है जो खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने टूर्नामेंट की सफलता की कामना करते हुए सभी टीमों को शुभकामनायें भी दिया।





## जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना डामरीकरण सड़क का हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और डामरीकरण कार्य प्रगति पर है और सोनक्यारी भाग में डामरीकरण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। सोनक्यारी से आगे हर्रापाठ डामरीकरण कार्य आगे तेजी से बढ़ रहा है। रोड शीघ्र पूर्ण हो इसे ध्यान में रखते हुए मजदूर काफी बढ़ाए गए हैं। रोलर, पेवर, जेसीबी, ट्रैक्टर ब्रोजर, ग्रेडर, हाइवा, सिंगल ड्रम,पानी टैंकर आदि को पर्याप्त व्यवस्था है। कार्य में प्रगति लाने देर शाम तक काम चल रहा है। डामरीकारण कार्य 38 किलोमीटर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के रोड निर्माण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश के पश्चात रोड निर्माण कार्य प्रगति में है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सन्ना तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में सुगम होगा। उन्होंने बताया कि ड ब्लू ए म ए म , डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगा। डामरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने निरंतर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

- सोनक्यारी से आगे डामरीकरण कार्य तेजी से बढ़ रहा

### 14.28 लाख में मिनी स्काई लिफ्ट वाहन की खरीदी

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर प्रबंधन द्वारा नगर के उंचें बिजली खम्हों में बल्ब लगाने हेतु एक मिनी स्काई लिफ्ट वाहन की खरीदी की गई है। उक्ताशय को लेकर नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास के पत्र क्रमांक 143 6.4.21 को 14.30 लाख रूपये में सभी शासकीय नियमों का पालन करते हुए क्रय किया गया है। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि खबरों में नगर पंचायत पुसौर में 46 नग स्काई लिफ्ट वाहन खरीदी करने का तथ्य बताया जा रहा है इसका मैं खंडन करता हूं। हमारे द्वारा खरीदा गया उक्त लिफ्ट वाहन नगर पंचायत कार्यालय परिसर में रखा हुआ है जिसका उपयोग जरूरत के अनुसार करते हैं।



## युवक से लूटपाट, मारपीट मामले में अपचारी समेत 3 गिरफ्तार

**रायगढ़।** 1 जनवरी को रामभांठा राम मंदिर के पास युवक से मारपीट कर लूटपाट को अंजाम देने वाले जवाहर नगर रामभांठा के बादल उर्फ शानू सारथी, शैलेष मिंज और उसके साथी अपचारी बालक को सक्षम न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

घटना को लेकर अंकुर अग्रवाल पिता शिव शंकर अग्रवाल उम्र 22 वर्ष निवासी संजय मैदान रामभांठा के द्वारा 1 जनवरी की रात थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक जनवरी की शाम करीब 7 बजे अपनी स्कूटी से गैलेक्सी मॉल सामान लेने जा रहा था। रामभांठा राम मंदिर के पास झगडेलू एवं बदमाश किस्म का लड़का शानू और उसके साथी रास्ते में दौड़ भाग कर रहे थेए ये रूका तो वे बिना कारण इसे गाली गलौज करने लगे और इसके स्कूटी को ईंट से मारने लगे जिन्हें मना किए तो इसे मारपीट कर जेब में रखे 1600 रुपए को लूट कर भाग गए। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी सानू व अन्य उसके साथियों पर लूटपाट का अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी किया गया



जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे एवं स्टाफ द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी सानू सारथी, शैलेष मिंज और उसके साथी विधि के साथ संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया। आहत अंकुर अग्रवाल ने आरोपी बादल उर्फ़ शानू सारथी, शैलेश मिंज और अपचारी बालक की पहचान किया है। आरोपी बादल उर्फ़ शानू सारथी पिता रमेश सारथी उम्र 20 साल, शैलेष मेंस पिता सुजीत मिंज उम्र 19 साल दोनों निवासी जवाहर नगर रामभांठा विधि के साथ संघर्षरत बालक को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### पिकअप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने पिकअप चोरी मामले में फरार आरोपी विजय कुमार चौहान निवासी नया लाखा गेरवानी को गेरवानी के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। आरोपी ने अपने साथी करण उर्फ करण चौहान 21 साल निवासी पत्थलगांव जशपुर और भड्डू यादव के साथ मिलकर बीते सितंबर माह में पिकअप वाहन को चोरी की थी। पिकअप चोरी को लेकर 14 सितंबर 2023 को थाना कोतवाली में संतोष शर्मा पिता सीता प्रसाद शर्मा उम्र 50 साल निवासी नयालाखा की रिपोर्ट पर चोरी का अपराध अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध किया गया था। 16 सितंबर को आरोपी करण चौहान को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से चोरी पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 6825 में लोड़ 2 टन छड़ समेत जप्त किया गया था। आरोपी करण चौहान द्वारा उसके साथी विजय चौहान और भड्डू यादव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया था। प्रकरण के आरोपी विजय चौहान और भड्डू यादव घटना के बाद से फरार थे, जिनकी पता तलाश कोतवाली पुलिस कर रही थी। 4 ज जनवरी को मुखबिर की सूचना पर आरोपी विजय कुमार चौहान पिता मंगल चौहान उम्र 23 साल निवासी नयलाखा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

### कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में लिया प्रेस कॉन्फ्रेंस

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्ट्रोटेट कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रेस कांफ्रेंस में प्रेस के साथियों के साथ बैठक लिया। बैठक में श्री चौहान ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में सभी को अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 6 जनवरी 2024 को जिले के सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची में संशोधन अंतर्गत नाम जोड़ने, हटाने एवं स्थानांतरण के कार्य हेतु जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी दी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री चौहान ने वोटर हेल्पलाइन एवं नवीन मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में फार्म 6 फॉर्म 7 एवं फार्म 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। श्री चौहान ने प्रेस के साथियों से सुझाव लिए। कलेक्टर श्री चौहान ने अपने पैतृक गांव से लेकर अब तक का शासकीय कार्यकाल का परिचय दिया और पत्रकारों के सुझाव का सकारात्मक आश्वासन दिया।

### बीएमओ डा. चंद्रवंशी ने संकल्प यात्रा में दिलाया शपथ



**पुसौर।** जनपद क्षेत्र के ग्राम ओडेकेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा षिविर का आयोजन हुआ जिसमें पुसौर क्षेत्र के स्वास्थ्य प्रमुख बीएमओ डा. बीके चंद्रवंशी ने मण्डल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रवण प्रधान, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, मण्डल महामंत्री मनोरंजन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शामिल सभी लोगों को शपथ दिलाया। कार्यक्रम यहां के सरपंच हरि साहू एवं सचिव पूर्णिमा सतपथी सहित समुचे पंचायत के व्यवस्था में हुआ। लगे हुए शासकीय स्टालों में तहसीलदार शिवम पाण्डेय के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग से पटवारी सुधीर पंडा ने वारिसान प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, आय जाति निवास सहित अन्य दस्तावेज जारी करने के सहायक दस्तावेज उपलब्ध कराये। पशुपालन विभाग द्वारा 68 जानवरों के लिए कृमि नाशक दवा एवं अन्य सुझाव दिए गए।

## अक्षत कलश, निमंत्रण पत्रक का घर-घर किया गया वितरण

अब तक ढाई लाख से अधिक परिवारों को बंटा निमंत्रण

**रायगढ़।** विगत 1 जनवरी 2024 से देश व्यापी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान समिति के तत्वाधान में अयोध्या धाम से आए अक्षत, निमंत्रण पत्रक एवं राम मंदिर छायाचित्र का वितरण कार्यक्रम रायगढ़ विभाग के प्रत्येक राम भक्त परिवारजनों में जारी है। समिति के द्वारा विगत पांच दिवस में 926 ग्राम, 80 मौहल्ले के 2.50 लाख से अधिक परिवारों में संपर्क कर राम मंदिर का निमंत्रण पत्रक दिया गया।

कार्यक्रम में समिति के 55 हजार कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा रहा है। अभियान 15 जनवरी 2024 तक जारी रहेगा जिसके पूर्व ही समिति रायगढ़ विभाग के सभी राम भक्त परिवारजनों तक निमंत्रण पत्रक पहुंचा दिया जाएगा। आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में प्रातः 11.45 में श्री राम लला का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। सभी राम भक्त परिवार जन अपने अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों के बाहर कम से कम 5 रामज्योती दिए अवश्य जलावे एवं अपनी बस्ती के समीप मंदिरों में अयोध्या धाम जैसा वातावरण अथवा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से चला कर बनाए।



### कटेली उपार्जन केंद्र से 140 बोरा अवैध धान जब्त

**सारंगढ़।** खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव और मंडी उप निरीक्षक दिलीप बर्मन की संयुक्त टीम ने जिले के धान उपार्जन केन्द्र कटेली के बाहर वाहन क्रमांक मेटाडोर सीजी 13 यूजे 2410 में रखे 140 बोरा धान को सारंगढ़ के नजदीक ग्राम रापागुला निवासी शंकर लाल साहू के टोकन में खपाने का प्रयास करते हुए मौके पर पकड़ा गया। इनके विरुद्ध मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

# टाटा मैजिक और बाइक से लोहा गेट चुराने आए चार चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस ने लोहे के गेट चोरी के मामले में जूटमिल इलाके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से लोहे का गेट और वजनी गेट को चोरी कर ले जाने में प्रयुक्त टाटा मैजिक छोटा हाथी, वाहन, मोटर सायकल की जब्ती कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

4 जनवरी को थाना कोतरारोड़ में ग्राम गोर्रा निवासी अखिलेश पटेल 34 साल रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल सुबह उसे ग्राम कुरमापाली से सूचना मिली कि उसके कुरमापाली मकान के पास 3-4 व्यक्ति मोटर सायकल और छोटा हाथी वाहन में आए हैं जो मकान में रखे लोहे के गेट को चोरी के लिये ताक रहे हैं। सूचना पाकर तुरंत गांव वाले घर पर गया पता चला कि चार लोग मोटरसाइकिल और टाटा मैजिक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 13 एल 9474 में आये थे जिसे सोनकर पारा का रंजित ठाकुर चला रहा था जो लोहे का दरवाजा को चोरी कर चार पहिया वाहन में लोड कर मोटर सायकल और छोटा हाथी में भागे हैं। थाना कोतरारोड़ में संदेहियों पर चोरी का अपराध दर्ज कर देर रात थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक अपने स्टाफ के साथ जूटमिल क्षेत्र में दबिश देकर संदेही रंजित ठाकुर को हिरासत में लिया गया जिसने अपने साथी शिव प्रसाद विश्वकर्मा, शंभू चौहान और त्रिपत चौहान के साथ मिलकर लोहे का गेट को चोरी करना स्वीकार किया है। कोटरारोड़ पुलिस ने आरोपी रंजित ठाकुर पिता स्व. कमल देव ठाकुर उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 38 सोनकर पारा थाना जूटमिल रायगढ़, शिवप्रसाद विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय महेत्तर विश्वकर्मा 33 साल इतवारी बाजार शहीद चौंक थाना सिटी कोतवाली रायगढ़, शंभू चौहान पिता कृष्णा चौहान उम्र 34 साल निवासी कयाघाट थाना जूटमिल रायगढ़, त्रिपत चौहान पिता घासीराम चौहान उम्र 31 साल निवासी कयाघाट थाना जूटमिल रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया लोहे का गेट और चोरी में प्रयुक्त टाटा मैजिक, छोटा हाथी वाहनद्ध सीजी 13 एल 9474 और मोटरसाइकिल सीजी 13 8029 को जब्त कर बरामद किया गया है। आरोपियों को आज चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी निकता तिवारी के मार्गदर्शन पर आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक, सहायक उप निरीक्षक हेम सागर पटेल, एएसआई कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करूणेश राय, आरक्षक राजेश खांडे की अहम भूमिका रही है।



## भागवत कथा में प्रवचन सुनने लग रहा भक्तों का तांता

**खरसिया।** धर्मानगर खरसिया में समय समय पर अनेक सांस्कृतिक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। इसी कड़ी में गंज बाजार महिला मंडल एवं सुंदरकांड समिति द्वारा विशाल भागवत कथा का आयोजन नव वर्ष के पावन पर्व पर 3 जनवरी से 9 जनवरी तक किया जा रहा है। मथुरा से पधारे आचार्य कृष्ण भारद्वाज जी के मुखारविंद से कथा का रसपान किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन भक्तों की भीड़ महिला मंडल की आयोजन को भक्ति मैं बना दिया है कथा के पूर्व 3 जनवरी को स्थानीय पुराने श्याम मंदिर स्टेशन चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिला मंडल एवं नगर की सैकड़ो महिलाओं ने कलश उठाकर ढोल ताशे और भजन कीर्तन के साथ नगर भ्रमण करते हुए भागवत कथा का नगर निमंत्रण देते हुए कथा पंडाल पर पहुंचकर कलश यात्रा पूर्ण हुई तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक भागवत कथा का आनंद खरसिया शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के आए भक्तजनों द्वारा लिया जा रहा है आचार्य श्री कृष्ण भारद्वाज जी द्वारा अपनी मधुर वाणी से उपस्थित भक्तजनों को भाव विभोर कर दिया है कथा के दौरान बीच बीच में आकर्षक झांकियां लोगों का मनमोह ले रही है।



